राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

–::विज्ञप्ति::–

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के डिप्लोमा कोर्सेज के शैक्षणिक सत्र 2018–19 के प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के साथ ही सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 की प्रथम वर्ष रिमाण्डेड/पूरक परीक्षाओं के आयोजन हेतु पूर्व में ऑन–लाईन आवेदन भरने की शुल्क राशि के साथ तिथियाँ निर्धारित की गई थी। जिन्हे कोविड–19 महामारी एवं भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किये गये लॉकडाउन के कारण आगामी आदेशों तक विस्तारित कर दिया गया था।

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार दिनांक:01.06.2020 से लॉक–डाउन में छूट दी गई है। अतः सत्र 2018–19 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं पूर्व के सत्रों की रिमाण्डेड परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन की नवीन तिथियां निम्नानुसार है:–

सत्र 2018–19 के प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा एवं रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18–प्रथम वर्ष के ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (साधारण शुल्क के साथ)	—————— ——————	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (विलम्ब शुल्क के साथ)	24.06..2020 से 27.06.2020 तक	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये एंव विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये– कुल 2200/– रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये तथा विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये – कुल 1200/– रूपयें
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (डबल परीक्षा शुल्क के साथ)	28.06.2020 से 02.07.2020 तक	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000+2000= 4000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000+1000= 2000/– रूपये

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वंारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के अभ्यर्थी जो उपरोक्त परीक्षाओं हेतु पात्रता रखते हैं, उन अभ्यर्थियों से परीक्षा आवेदन हेतु ऑन–लाईन परीक्षा फॉर्म दिनांक 24.06.2020 से 02.07.2020 तक वेबसाईट **www.rpcraj.net** पर भराये जायेगें।

रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी ध्यान देवें कि परीक्षा आवेदन फॉर्म में अन्तिम परीक्षा (दी गई पिछली परीक्षा) का विवरण ध्यानपूर्वक भरें तथा जिन अभ्यर्थियों के ऐसे विषय जिसमें सैद्धान्तिक भाग एवं प्रायोगिक भाग एक ही विषय माने जाते हैं, तथा अभ्यर्थी प्रायोगिक भाग में अनुत्तीर्ण थे, वे भी परीक्षा आवेदन फॉर्म भरेगें। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को दोनों ही, सैद्धान्तिक भाग एवं प्रायोगिक भाग की परीक्षा देनी होती है।

अन्य विस्तृत जानकारी **www.rajasthanparamedicalcouncil.org** एवं **www.rpcraj.net** पर उपलब्ध है।

23/6/2020

(सोमदत्त दीक्षित)
रजिस्ट्रार